दिनांक : 19.05.2024 समय : 02.10pm

प्रादेशिक समाचार एकांष

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

पांचवा चरण–मतदान

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीट पर कल 20 मई को मतदान होगा। इस चरण में सोमवार को महाराष्ट्र की 13, उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की सात, बिहार की पांच, झारखंड की तीन, ओडिशा की पांच और जम्मू–कश्मीर तथा लद्दाख की एक–एक सीट पर मतदान होगा। ओडिशा के 35 विधानसभा क्षेत्रों में भी कल मतदान होगा। पांचवे चरण में उत्तरप्रदेश की लोकसभा सीट रायबरेली और अमेठी में भी कल मतदान होगा, जहां से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मैदान में हैं। उधर, जम्मू–कश्मीर के बारामूला में 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी चुनाव लड़ रहे हैं।

....

चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के छठवें और सातवें चरण का प्रचार तेज हो गया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल में जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। श्री मोदी दोपहर में पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। बाद में श्री मोदी बाकुरा जिले के बिष्णुपुर और मेदिनीपुर लोकसभा क्षेत्र के खड़गपुर में दो अन्य जनसभाओं को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह उत्तरप्रदेश में प्रयागराज और जौनपुर ज़िलों में चुनाव सभाएं कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उत्तरप्रदेश के ग़ाज़ीपुर, बलिया और दिल्ली की लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव उत्तरप्रदेश में प्रयागराज ज़िले में संयुक्त रूप से जनसभा करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह आज महाराजगंज निर्वाचन–क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं।

....

मतगणना तैयारिया–छिंदवाड़ा

प्रदेश में चार जून को होने वाली मतगणना के लिए तैयारियों का दौर जारी है। छिन्दवाड़ा में मतों की गणना शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में होगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के.सी.बोपचे ने बताया कि संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा के सातों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना अलग – अलग कक्षों में की जायेगी। विधानसभा क्षेत्र क्रमशः जुन्नारदेव, चौरई, सौंसर, परासिया व पांढुर्णा के मतगणना कक्ष में 14–14 गणना टेबिल एवं अमरवाड़ा के मतगणना कक्ष में 16 टेबिल तथा छिन्दवाड़ा के मतगणना कक्ष में 15 टेबिल लगाये जायेंगे एवं सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिये 1–1 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर का टेबिल होगा।इस प्रकार प्रत्येक अभ्यर्थी 7 विधानसभा क्षेत्र के लिये अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं। इसके अलावा डाक मतपत्र गणना के लिये 3 टेबिल रहेंगी।

....

भोजशाला–सर्वे

धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का हाईकोर्ट के निर्देश पर आर्किलाजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया द्वारा वैज्ञानिक सर्वे का कार्य लगातार किया जा रहा है। आज सर्वे के 59 वें दिन एएसआई के दल द्वारा सुबह भोजशाला परिसर में प्रवेश कर सर्वे शुरु किया आज सर्वे दल में 20 अधिकारी और 40 मजदूर है। सर्वे की शुरुआत से अब तक के सर्वे में खुदाई मे सर्वे दल को सिक्के , खण्डित प्रतिमा शिलालेख, विभिन्न आकृतियां आदि अनेक एक हज़ार से अधिक छोटे बड़े महत्वपूर्ण अवशेष भोजशाला परिसर से मिले हैं । शनिवार को खुदाई के दौरान एक प्राचीन कमल का फूल मिला है दो अन्य अवशेष भी मिले हैं जिसे एएसआई के सर्वेक्षण दल द्वारा अपने पास संरक्षित कर लिया गया है।

....

मौसम

राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में भीषण गर्मी जारी है। प्रदेश के ग्वालियर–चंबल संभाग में रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है। कई शहरों में पारा 43–44 डिग्री पहुंच गया है। शनिवार को दतिया में तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि ग्वालियर में 45 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने आज भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। अगले 4 दिन यानी 22 मई तक ग्वालियर–चंबल के साथ निमाड़ के जिलों में भी गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, गुना और अशोकनगर में लू का अलर्ट है। वहीं, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर में आंधी–बारिश की संभावना है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- आईपीएल क्रिकेट में आज लिग चरण के अंतिम दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच सनराइजर हैदराबार और पंजाब किंग्स के बीच हैदराबाद में होगा। वहीं गुवाहटी में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर से होगा।
- नर्मदापुरम खनिज विभाग ने रेत का अवैध उत्खनन पाए जाने पर 18 मोटर बोट जब्त की हैं। वहीं जिले के सोहागपुर में भी रेत का अवैध परिवहन कर रहे ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है।
- शिवपुरी में चल रहे प्रशिक्षण शिविर मे गुना, अशोक नगर एवं श्योपुर के 450 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। इस शिविर में पीटी, योगा, रस्साकशी, फुटबाल, बैडमिंटन एवं, डिजिटल इण्डिया, ट्रैफिक सिग्नल नियम एवं डिजास्टर मैनेजमेंट के बारे में जानकारी दी जा रही है।
- अनूपपुर जिले के जैतहरी ब्लॉक के 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए 20 मई को एकलव्य विद्यालय अनूपपुर में जिला प्रशासन द्वारा कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है।

....